201. 'पद्मावत' का रचनाकाल है—
(अ) आदिकाल (ब) भक्तिकाल
(स) रीतिकाल (द) आधुनिककाल।

202. कबीरदास प्रमुख कवि हैं—
(अ) निर्गुण काव्यधारा के (ब) सगुण काव्यधारा के
(स) प्रगतिवादी काव्यधारा के (द) प्रयोगवादी काव्यधारा के।

203. निम्नलिखित कवियों में कौन छायावादी कवि नहीं हैं—
(अ) नागार्जुन (ब) सुमित्रानन्दन पन्त
(स) जयशंकरप्रसाद (द) महादेवी वर्मा।

204. निम्न में से रीतिकाल के किस कवि ने वीर रस में रचना की है—
(अ) घनानन्द (ब) पद्माकर
(स) बिहारीलाल (द) भूषण।

205. 'आँसू' काव्य में प्रधान रस है— [2022 DV]
(अ) करुण रस (ब) शान्त रस
(स) वीर रस (द) हास्य रस।

206. 'प्रियप्रवास' महाकाव्य के रचयिता हैं— [2011]
(अ) रामधारीसिंह 'दिनकर' (ब) जयशंकरप्रसाद
(स) जगन्नाथदास 'रत्नाकर' (द) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'।

207. निम्नलिखित में से छायावादोत्तर काल के कवि हैं— [2019]
(अ) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (ब) मैथिलीशरण गुप्त
(स) रामनरेश त्रिपाठी (द) शिवमंगलसिंह 'सुमन'।

208. 'हरिऔध' जी का 'प्रियप्रवास' है— [2019]
(अ) संयोग शृंगार पर आधारित महाकाव्य
(ब) शान्त रस पर आधारित महाकाव्य
(स) विप्रलम्भ शृंगार पर आधारित महाकाव्य
(द) स्फुट गीतों का क्रमबद्ध संकलन।

209. 'हरिऔध' जी की कृति नहीं है— [2019]
(अ) 'चोखे चौपदे' (ब) 'प्रियप्रवास'
(स) 'वैदेही वनवास' (द) 'चित्राधार'।

210. निम्न में से मैथिलीशरण गुप्त की रचना नहीं है— [2019]
(अ) 'सिद्धराज' (ब) 'इत्यलम्'
(स) 'अनघ' (द) 'प्रदक्षिणा'।

211. रामधारीसिंह 'दिनकर' को उनकी काव्यकृति 'उर्वशी' पर पुरस्कार मिला था— [2019]
modelpaper.info
(अ) 'साहित्य अकादमी पुरस्कार'
(ब) 'भारत भारती पुरस्कार'
(स) 'ज्ञानपीठ पुरस्कार'
(द) 'सोवियतलैण्ड नेहरू पुरस्कार'।

212. 'तारसप्तक' काव्य-संग्रह का प्रकाशन हुआ था— [2009, 10, 11, 14, 18]
*अथवा* 'तारसप्तक' का प्रकाशन-वर्ष है— [2013, 15, 16, 20]
*अथवा* अज्ञेय ने 'तारसप्तक' का प्रकाशन किया— [2013]
(अ) सन् 1947 ई० में (ब) सन् 1943 ई० में
(स) सन् 1954 ई० में (द) सन् 1962 ई० में।

213. निम्नलिखित में से कौन-सा ग्रन्थ आदिकाल का है— [2013]
(अ) सूरसागर (ब) पद्मावत
(स) बीसलदेव रासो (द) आँसू।

214. प्रयोगवादी कवि हैं— [2014]
(अ) नागार्जुन (ब) मुक्तिबोध
(स) अज्ञेय (द) त्रिलोचन शास्त्री।

215. भवानीप्रसाद मिश्र कवि-रूप में संगृहीत हैं— [2015]
(अ) तारसप्तक में (ब) दूसरा सप्तक में
(स) तीसरा सप्तक में (द) चौथा सप्तक में।

216. 'कितनी नावों में कितनी बार' काव्यकृति/काव्य-संग्रह के रचनाकार हैं— [2015, 18, 20]
(अ) सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्स्यायन 'अज्ञेय' की
(ब) हरिवंशराय बच्चन की
(स) गिरिजाकुमार माथुर की
(द) सुमित्रानन्दन पन्त की।

217. 'चाँद का मुँह टेढ़ा है' के रचनाकार हैं— [2014]
(अ) भवानीप्रसाद मिश्र (ब) मुक्तिबोध
(स) केदारनाथ अग्रवाल (द) शमशेरबहादुर सिंह।

218. निम्नलिखित में से कौन प्रयोगवादी कवि नहीं है— [2008]
(अ) प्रभाकर माचवे (ब) मुक्तिबोध
(स) शिवमंगल सिंह 'सुमन' (द) अज्ञेय।

**219.** प्रयोगवाद के प्रवर्त्तक हैं— [2000, 12, 22 DR]
(अ) निराला (ब) अज्ञेय
(स) जगन्नाथदास 'रत्नाकर' (द) मैथिलीशरण गुप्त।

**220.** निम्नलिखित में एक चम्पूकाव्य है— [2020]
(अ) 'पंचवटी' (ब) 'द्वापर'
(स) 'यशोधरा' (द) 'सिद्धराज'।

**221.** निम्नलिखित में से 'हरिऔध' की रचना नहीं है— [2020]
(अ) 'चुभते चौपदे' (ब) 'रस कलश'
(स) 'वैदेही वनवास' (द) 'अनघ'।

**222.** निम्नलिखित में से कौन प्रगतिवादी कवि नहीं है— [2008]
(अ) नागार्जुन (ब) त्रिलोचन
(स) केदारनाथ अग्रवाल (द) नेमिचन्द जैन।

**223.** कला और बूढ़ा चाँद' पर सुमित्रानन्दन पन्त को पुरस्कार प्राप्त हुआ— [2016]
(अ) साहित्य अकादमी (ब) ज्ञानपीठ
(स) मंगलाप्रसाद (द) सोवियतलैण्ड नेहरू।

**224.** 'परशुराम की प्रतीक्षा' काव्यकृति है— [2016]
(अ) गजानन माधव मुक्तिबोध की
(ब) रामधारीसिंह 'दिनकर' की
(स) गिरिजाकुमार माथुर की
(द) धर्मवीर भारती की।

**225.** सुमित्रानन्दन पन्त को 'साहित्य अकादमी पुरस्कार' किस कृति पर मिला था— [2016, 17, 20]
(अ) 'लोकायतन' पर (ब) 'चिदम्बरा' पर
(स) 'कला और बूढ़ा चाँद' पर (द) 'स्वर्ण किरण' पर।

**226.** रामधारीसिंह 'दिनकर' की रचना नहीं है— [2016]
modelpaper.info
(अ) रश्मिरथी (ब) चक्रवाल
(स) परशुराम की प्रतीक्षा (द) सुनहले शैवाल।

**227.** कौन-सी रचना रामधारीसिंह 'दिनकर' की नहीं है— [2019]
(अ) हुंकार (ब) रश्मिरथी
(स) चित्राधार (द) रेणुका।

**228.** 'हरी घास पर क्षणभर' कृति निम्न में से किसकी है— [2019]
*अथवा* 'हरी घास पर क्षणभर' के रचनाकार हैं— [2022 DT]
(अ) भवानीप्रसाद मिश्र (ब) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'
(स) 'अज्ञेय' (द) नागार्जुन।

**229.** प्रगतिवाद का मुख्य आधार है— [2019]
(अ) प्रजातन्त्र (ब) राष्ट्रीय पुनर्जागरण
(स) साम्यवाद (द) समाज-सुधार।

**230.** 'अज्ञेय' को किस काव्य कृति पर 'भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार' मिला था— [2016, 22 DP]
(अ) 'कितनी नावों में कितनी बार' पर
(ब) 'अरी ओ करुणा प्रभामय' पर
(स) 'आँगन के पार द्वार' पर
(द) 'ऐसा कोई घर आपने देखा है' पर।

**231.** निम्नलिखित में से कौन-सी रचना द्विवेदीयुग में लिखी गई है— [2007]
(अ) कामायनी (ब) तारसप्तक
(स) प्रियप्रवास (द) ग्राम्या।

**232.** निम्नलिखित में से प्रगतिवाद की कौन-सी समयावधि मान्य है— [2009]
(अ) 1900 ई० से 1918 ई० (ब) 1918 ई० से 1936 ई०
(स) 1938 ई० से 1943 ई० (द) 1943 ई० से 1953 ई०।

**233. तारसप्तक से सम्बन्धित हैं—**

(अ) रामविलास शर्मा (ब) नरेन्द्र शर्मा
(स) भवानीप्रसाद मिश्र (द) धर्मवीर भारती।

**234. सही ( सुमेलित ) है—**

(अ) भवानीप्रसाद मिश्र—प्रयोगवाद
(ब) शमशेर बहादुरसिंह—अकविता
(स) नरेन्द्र शर्मा—सनातन सर्वोदयी कविता
(द) गजानन माधव मुक्तिबोध—नवगीत।

**235. प्रगतिवादी कवि नहीं हैं—**

(अ) शिवमंगल सिंह 'सुमन' (ब) रामविलास शर्मा
(स) नागार्जुन (द) भवानीप्रसाद मिश्र।

**236. सही ( सुमेलित ) है—**

(अ) भारत-भारती—महाकाव्य (ब) प्रणभंग—चरितकाव्य
(स) गीतिका—वीरकाव्य (द) रश्मिरथी—खण्डकाव्य।

**237. नई कविता के कवि हैं—**

(अ) नरेन्द्र शर्मा (ब) अज्ञेय
(स) रामधारीसिंह 'दिनकर' (द) सुमित्रानन्दन पन्त।

**238. प्रयोगवादी कविता के प्रतिनिधि कवि हैं—**

*अथवा* **निम्नलिखित में से प्रयोगवादी कवि हैं—**

(अ) अज्ञेय (ब) बिहारी
(स) चिन्तामणि (द) रामधारीसिंह 'दिनकर'।

**239. निम्नलिखित में से कौन-सी रचना महाकाव्य नहीं है—**

(अ) पद्मावत (ब) कामायनी
(स) रश्मिरथी (द) साकेत।

**240. जयशंकरप्रसाद के काव्य की सिद्धावस्था है—**

(अ) आँसू (ब) झरना
(स) लहर (द) कामायनी।

modelpaper.info

**241. 'हारे को हरिनाम' काव्य-ग्रन्थ के रचनाकार हैं—**

(अ) रामधारीसिंह 'दिनकर'
(ब) जगन्नाथदास 'रत्नाकर'
(स) सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्स्यायन 'अज्ञेय'
(द) मुक्तिबोध।

**242. अज्ञेय की रचना है—**

(अ) आँगन के पार द्वार (ब) कुरुक्षेत्र
(स) अपरा (द) झंकार।

**243. निम्न में से किन्हें 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' नहीं मिला है—**

(अ) महादेवी वर्मा को (ब) निराला को
(स) सुमित्रानन्दन पन्त को (द) अज्ञेय को।

**244. सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्स्यायन 'अज्ञेय' किस 'सप्तक' में संग्रहीत हैं—**

(अ) 'तारसप्तक' में (ब) 'दूसरा सप्तक' में
(स) 'तीसरा सप्तक' में (द) 'चौथा सप्तक' में।

**245. 'अज्ञेय' जी की रचना है—**

(अ) कुरुक्षेत्र (ब) हरी घास पर क्षणभर
(स) रश्मिरथी (द) हुंकार।

**246. 'संसद से सड़क तक' किस कवि की रचना है—**

*अथवा* **'संसद से सड़क तक' कविता के रचयिता हैं—**

(अ) मुक्तिबोध (ब) नागार्जुन
(स) धूमिल (द) अज्ञेय।

**247. निम्नलिखित में से कौन कवि प्रगतिवादी नहीं है—**

(अ) मुक्तिबोध (ब) केदारनाथ अग्रवाल
(स) केदारनाथ सिंह (द) त्रिलोचन शास्त्री।

**248.** 'तारसप्तक' के कवि हैं—
(अ) सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्स्यायन 'अज्ञेय'
(ब) धर्मवीर भारती
(स) प्रयागनारायण त्रिपाठी
(द) सुमन राजे।

**249.** 'तारसप्तक' के सम्पादक थे—
(अ) दिनकर (ब) अज्ञेय
(स) निराला (द) मुक्तिबोध।

**250.** दूसरा सप्तक के कवि हैं—
(अ) रामविलास शर्मा (ब) गिरिजाकुमार माथुर
(स) केदारनाथ सिंह (द) भवानीप्रसाद मिश्र।

**251.** कौन-सी रचना धर्मवीर भारती की है—
(अ) अणिमा (ब) अपरा
(स) अन्धा-युग (द) अर्चना।

**252.** कौन-सी कृति महाकाव्य नहीं है—
(अ) श्रीरामचरितमानस (ब) साकेत
(स) यामा (द) पद्मावत।

**253.** 'नई कविता' का आरम्भ माना जाता है—
(अ) सन् 1938 ई० से (ब) सन् 1943 ई० से
(स) सन् 1951 ई० से (द) सन् 1971 ई० से।

**254.** 'नई कविता युग' की रचना है—
(अ) यामा (ब) खुशबू के शिलालेख
(स). प्रलय-सृजन (द) पुरूरवा।

**255.** 'वैदेही-वनवास' के रचयिता हैं—
modelpaper.info
(अ) मैथिलीशरण गुप्त
(ब) महादेवी वर्मा
(स) सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्स्यायन 'अज्ञेय'
(द) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'।

**256.** जयशंकरप्रसाद कृत 'कामायनी' किस प्रकार का काव्य है—
(अ) खण्डकाव्य (ब) महाकाव्य
(स) मुक्तक काव्य (द) इनमें से कोई नहीं।

**257.** 'यशोधरा' के रचनाकार हैं—
(अ) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
(ब) मैथिलीशरण गुप्त
(स) रामधारीसिंह 'दिनकर'
(द) जयशंकरप्रसाद।

**258.** अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' की रचना है—
(अ) रसकलश (ब) युगान्तर
(स) ग्राम्या (द) हुंकार।

**259.** 'प्रसाद' की निम्नलिखित कृतियों में से एक कृति के नायक मनु हैं। वह कृति है—
(अ) प्रेम पथिक (ब) झरना
(स) कामायनी (द) कानन-कुसुम।

**260.** निम्नलिखित में से कौन मैथिलीशरण गुप्त की एक अनूदित रचना है—
(अ) मेघनाद वध (ब) यशोधरा
(स) प्रदक्षिणा (द) सिद्धराज।

**261.** सुमित्रानन्दन पन्त की रचना नहीं है—
(अ) पल्लव (ब) स्वर्णधूलि
(स) ग्रन्थि (द) रसवन्ती।

262. 'अनामिका' के रचनाकार हैं—

(अ) अज्ञेय (ब) निराला
(स) महादेवी वर्मा (द) सुमित्रानन्दन पन्त।

263. हिन्दी-साहित्य का इतिहास लिखनेवाले सर्वप्रथम विद्वान् हैं—
DS]

(अ) डॉ० गियर्सन (ब) गार्सा द तासी
(स) डॉ० रामकुमार वर्मा (द) आचार्य रामचंद्र शुक्ल।

264. 'रीतिकाल' को 'शृंगारकाल' नाम दिया है—

(अ) मिश्रबन्धुओं ने (ब) रामशंकर शुक्ल 'रसाल'
(स) विश्वनाथप्रसाद मिश्र ने (द) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने।

265. मलिक मुहम्मद जायसी को किस धारा का कवि माना गया है—

(अ) ज्ञानमार्गी अथवा सन्त काव्यधारा का
(ब) राममार्गी शाखा का
(स) सूफी काव्यधारा का
(द) सगुण-भक्तिधारा का।

266. हरिऔधजी की कृति नहीं है—

(अ) चुभते चौपदे (ब) प्रियप्रवास
(स) चित्राधार (द) वैदेही वनवास।

267. निम्नलिखित में से मैथिलीशरण गुप्त की रचना है—

(अ) 'सिद्धराज' (ब) 'कानन-कुसुम'
(स) 'उत्तरा' (द) 'दीपशिखा'।

268. 'हिमालय' निम्नलिखित में से किसकी काव्यकृति है—

(अ) सुमित्रानन्दन पन्त
(ब) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'
(स) महादेवी वर्मा
(द) जयशंकरप्रसाद।

modelpaper.info

269. 'रसकलश' किसकी रचना है—

(अ) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(ब) जगन्नाथदास 'रत्नाकर'
(स) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
(द) जयशंकरप्रसाद।

270. निम्नलिखित में से जयशंकरप्रसाद की काव्यकृति नहीं है—

(अ) 'कानन-कुसुम' (ब) 'प्रेमपथिक'
(स) 'चित्राधार' (द) 'इत्यलम्'।

271. सुमित्रानन्दन पन्त को 'सोवियतलैण्ड नेहरू पुरस्कार' किस कृति पर मिला था—

(अ) 'कला और बूढ़ा चाँद' (ब) 'लोकायतन'
(स) 'चिदम्बरा' (द) 'स्वर्ण-किरण'।

272. निम्नलिखित में से सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्स्यायन का काव्य-संकलन है—

(अ) 'लहर' (ब) 'उर्वशी'
(स) 'गुंजन' (द) 'हरी घास पर क्षणभर'।

273. निम्नलिखित में से कौन-सा ग्रन्थ भक्तिकाल का है—

(अ) पृथ्वीराज रासो (ब) विनयपत्रिका
(स) साकेत (द) कामायनी।

274. 'हिरोशिमा' कविता के रचनाकार हैं—

(अ) रामधारीसिंह 'दिनकर'
(ब) सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्स्यायन 'अज्ञेय'
(स) महादेवी वर्मा
(द) माखनलाल चतुर्वेदी।

275. 'पारिजात' किस कवि के गीतों का संकलन है-
(अ) सुमित्रानन्दन पन्त
(ब) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
(स) महादेवी वर्मा
(द) मैथिलीशरण गुप्त।

276. 'अज्ञेय' द्वारा सम्पादित सप्तकों की संख्या है—
*अथवा* सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्स्यायन 'अज्ञेय' के सम्पादन में कुल कितने 'सप्तक' प्रकाशित हुए—
(अ) एक (ब) दो
(स) तीन (द) चार।

277. मैथिलीशरण गुप्त द्वारा रचित कृति है—
(अ) 'प्रदक्षिणा' (ब) 'दानलीला'
(स) 'रसकलश' (द) 'अतिमा'।

278. 'कला और बूढ़ा चाँद' के रचनाकार हैं—
(अ) जयशंकरप्रसाद
(ब) गिरिजाकुमार माथुर
(स) हरिवंशराय बच्चन
(द) सुमित्रानन्दन पन्त।

279. कौन-सी रचना अज्ञेय की नहीं है—
(अ) बावरा अहेरी (ब) सुनहले शैवाल
(स) इत्यलम् (द) रेणुका।

280. रामधारीसिंह 'दिनकर' द्वारा रचित ग्रन्थ है—
(अ) हुंकार (ब) धूप के धान
(स) कालजयी (द) चित्राधार।

modelpaper.info

281. रामधारीसिंह 'दिनकर' की रचना है—
(अ) 'परशुराम की प्रतीक्षा'
(ब) 'ऐसा कोई घर आपने देखा है'
(स) 'पृथिवीपुत्र'
(द) 'स्वर्ण किरण'।

282. कवि 'हरिऔध' का रस है—
(अ) करुण (ब) वियोग शृंगार
(स) भक्ति (द) वीर।

283. 'चित्राधार' काव्य की भाषा है—
(अ) अवधी (ब) ब्रज
(स) कन्नौजी (द) भोजपुरी।

284. कवि पन्त समाजवाद की ओर उन्मुख हुए—
(अ) ग्राम्या में (ब) स्वर्णधूलि में
(स) चिदम्बरा में (द) ग्रन्थि में।

285. 'सन्धिनी' गीत-संग्रह है—
(अ) पन्त का (ब) निराला का
(स) प्रसाद का (द) महादेवी का।

286. 'दिनकर' को ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला—
(अ) वर्ष 1970 ई० में (ब) वर्ष 1971 ई० में
(स) वर्ष 1972 ई० में (द) वर्ष 1974 ई० में।

287. 'आँगन के पार द्वार' रचना है—
(अ) जयशंकरप्रसाद की (ब) महादेवी वर्मा की
(स) अज्ञेय की (द) सुमित्रानन्दन पन्त की।